# 703 - वह इस्लाम स्वीकार करना चाहती है

**प्रश्न**

मुझे इस्लामिक धर्म में बहुत दिलचस्पी है। मैं इस्लाम में प्रवेश करने के लिए क्या करूँ? मैं हमेशा एक ऐसे धर्म की तलाश में रही हूँ जो मुझे अल्लाह के निकट महसूस कराए, जैसे इस्लाम करता है। मुझे इस प्रश्न को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के लिए, मैं आपका आभारी हूँ।

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

ऐ सम्मानित प्रश्नकर्ता, इस्लाम में प्रवेश करने की आपकी इस इच्छा से हमें बहुत खुशी हुई। यह वास्तव में वह धर्म है जो एकेश्वरवाद और उपासना के माध्यम से बंदे को सीधे उसके पालनहार से जोड़ता है, जो आत्मा को शांति और संतोष प्रदान करता है, तथा इस अनूठे रिश्ते के साथ मनुष्य को खुशी प्रदान करता है जिसमें प्रेम, भय, आशा और अल्लाह सर्वशक्तिमान के प्रति समर्पण (अधीनता) शामिल है। वास्तव में, यही इबादत (उपासाना) का सही अर्थ है, जिसमें शारीरिक अंगों के कार्यों के अलावा, अल्लाह का ज़िक्र (स्मरण) करने में ज़बान के काम के साथ हृदय का कार्य भी संयोजित हो जाता है। जैसा कि यह नमाज़, रोज़ा, ज़कात, पवित्र क़ुरआन के पाठ और अन्य चीजों  के माध्यम से प्रकट होता है, जिसका प्रभाव, इन शा अल्लाह (यदि अल्लाह ने चाहा तो), आप अपने आप देखेंगी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप (इस्लाम को स्वीकार करने का निर्णय लेने के) जिस निष्कर्ष पर पहुँची हैं, वह दो चीजों के कारण था : एक सद्बुद्धि और दूसरा अल्लाह की ओर से मिली तौफ़ीक़ (सामर्थ्य)।

जहाँ तक इस्लाम में प्रवेश करने का मामला है, तो यह एक बहुत ही आसान प्रक्रिया है, जिसमें आपको विश्वास के दो साक्ष्य (शहादातैन) का उच्चारण करना है (अर्थात आप कहें) : अश्हदो अन् ला इलाहा इल्लल्लाह, व अश्हदो अन्ना मुहम्मदन रसूलुल्लाह (मैं इस बात की गवाही देता हूँ कि अल्लाह के अलावा कोई सच्चा पूज्य नहीं, तथा मैं इस बात की गवाही देता हूँ कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं)।

आपको इसके बारे में शेष विवरण प्रश्न संख्या : (114), (179) और (378 ) के उत्तर में मिल जाएँगे।

अंत में, हम आपसे कहते हैं कि इस्लाम में हमारी एक बहन के रूप में आपका स्वागत है और हम हर संभव सेवा प्रदान करने

के लिए तैयार हैं। हम अल्लाह तआला से प्रार्थना करते हैं कि वह आप पर अपनी कृपा पूरी करे और आपको सत्य पर सुदृढ़ता प्रदान करे। और अल्लाह ही सत्य मार्ग की ओर मार्गदर्शन करने वाला है।